>

Title: Regarding reducing the age limit in recruitment miltary and Paramilitary forces.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): सभापति महोदय, मैं आपके मार्फत से अपने लोक सभा क्षेत्र में चल रहे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे के बारे में बताना चाहूंगा । मेरे लोक सभा क्षेत्र से और वहां की शेखावटी बेल्ट, जो चुरू, झुंझुनू और सीकर का इलाका है । चुरू के बहुत से युवा हमेशा देश की सेना में भर्ती होने के लिए सबसे आगे भागते हैं । आज की तारीख में चाहे सेना हो या पैरामिलेट्री फोर्सेज़ हों, आपको चुरू के सबसे ज्यादा लोग वहां मिलेंगे । वर्ष 2020 के कोरोना टाइम में सेना की भर्ती निकली थी, वहां के कलेक्टर महोदय से जब सेना ने परमीशन मांगी, तो कलेक्टर महोदय के परमीशन न देने के कारण 70 हजार लोग, जिन्होंने सेना में भर्ती होने के लिए अप्लाई कर रखा था, वे उससे वंचित रहे ।

राजस्थान के कई डिस्ट्रिक्ट्स में कलेक्टर्स ने परमीशन दी पर वर्ष 2020 में चुरू को परमीशन नहीं मिली, जिस कारण बहुत से लोग इससे वंचित रहे । मैं आपके मार्फत से सरकार से यह निवदेन करना चाहता हूं कि इस बार की जो भर्ती निकली है, उसमें 70 हजार से ऊपर लोगों के भर्ती के ट्रायल्स देने के चांसेज़ हैं, लेकिन बीते हुए साल में कोरोना के कारण जो बच्चे रह गए, जिनकी एज एक साल ऊपर हो गई है, उनको इस साल की भर्ती के लिए केन्द्र सरकार काम करे ।

मैं आपके मार्फत से इस मुद्दे को सरकार के सामने रखना चाहता हूं ।